
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

20 नवंबर 2025

Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

बचपन सिर्फ खेलने का नाम नहीं, बल्कि सीखने

और समझने का सबसे खूबसूरत दौर है।

**पंडित जवाहरलाल नेहरू**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

20 नवंबर

## मधु प्रिया

# विश्व बाल दिवस 20 नवम्बर



भारत के हो या विश्व के किसी और अन्य देश के बच्चे समाज के भविष्य होते हैं। बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और अच्छे भविष्य के लिए हर साल विश्व स्तर पर विश्व बाल दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा की है और कई अंतर्राष्ट्रीय संगठन बच्चों के अधिकारों के लिए कार्य करता है। यूनाइटेड नेशन इंटरनेशनल इमरजेंसी में बच्चों के विकास एवं कल्याण की दिशा में बहुत कार्य की है और लगातार कार्यरत एवं प्रयासरत है। जिसमें बड़े से बड़े सेलिब्रिटी भी योगदान देते हैं, ताकि बच्चों का जीवन संवर सके।हर साल 20 नवंबर को विश्व स्तर पर बाल दिवस मनाया जाता है। भारत में यह दिन 14 नवंबर को मनाया जाता है, लेकिन विश्व स्तर पर सभी देशों के लिए 20 नवंबर के तारीख को बाल दिवस के लिए घोषित किया गया है। बेहतर भविष्य के लिए निवेश करने का अर्थ है अपने बच्चों में निवेश करना। यही कारण है कि हर साल 20 नवंबर को 'वर्ल्ड चिल्ड्रेन्स डे' मनाया जाता है। ये दिवस दुनियाभर में एकजुटता को बढ़ावा देने, दुनिया के हर कोने में बच्चों की समस्याओं के बारे में जागरूक करने और बच्चों के कल्याण के उद्देश्य से मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को दुनिया के लगभग 191 देशों ने स्वीकार किया है और बच्चों के अधिकारों के प्रति देशों की जागरूकता जाहिर की है। यूनिवर्सल चिल्ड्रेन्स डे से पहले 14 नवंबर को भारत में पंडित ज्वाहरलाल नेहरू की याद में 'चिल्ड्रेन्स डे' सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन भी बच्चों से जुड़े कई मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया जाता है।

# जन्मदिन विशेष 20 नवंबर



## बबीता फ़ोगाट

जन्म : 20 नवंबर 1989

बबीता फ़ोगाट एक भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान हैं, जिन्होंने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर देश का मान बढ़ाया था। इसके अलावा उन्होंने 2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। बबीता फ़ोगाट को जन्मदिन की शुभकामनाएं।


राकेश कुमार

# MATH TLM

92 Class-6to8

## वृत ( Circle )

### परिधि (Circumference)

वृत की परिधि ( परिमिति)
= $2\pi r$




जैसे:-किसी वृत की परिधि ज्ञात करें जिसकी त्रिज्या 28 सेमी. हो।

हल :- वृत की परिधि = $2\pi r$

$= 2 \times 22/7 \times 28$

= 176cm

Anu Priya, Science Teacher

TOB

खेल कॉर्नर

# घर में पिछले छह टेस्ट मैच के नतीजे

(16 अक्टूबर 2024 से 16 अक्टूबर 2025 तक)

| नाम | नतीजा | मार्जिन | वेन्यू | स्टार्क डेट |
|---|---|---|---|---|
| सा. अफ्रीका | हारे | 30 रन | कोलकाता | 14 Nov 2025 |
| वेस्टइंडीज | जीते | 7 विकेट | दिल्ली | 10 Oct 2025 |
| वेस्टइंडीज | जीते | पारी, 140 रन | अहमदाबाद | 2 Oct 2025 |
| न्यूजीलैंड | हारे | 25 रन | मुंबई | 1 Nov 2024 |
| न्यूजीलैंड | हारे | 113 | पुणे | 24 Oct 2024 |
| न्यूजीलैंड | हारे | 8 विकेट | बेंगलुरु | 16 Oct 2024 |

# Teachers of Bihar

The Change Makers



# शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द

## विश्व बाल दिवस
## 20 नवंबर

विश्व बाल दिवस हर साल **20** नवंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह दिन बच्चों के अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में बच्चों के कल्याण के लिए कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। **20** नवंबर की तारीख: **20** नवंबर एक महत्वपूर्ण तारीख है क्योंकि **1959** में इसी दिन संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा **(Declaration of the Rights of the Child)** को अपनाया था। **1989** में भी इसी दिन बाल अधिकारों पर कन्वेंशन **(Convention on the Rights of the Child)** को अपनाया गया था। विश्व बाल दिवस **2025** की वैश्विक थीम "मेरा दिन, मेरे अधिकार" **(My Day, My Rights)** है। यह थीम बच्चों की आवाज़ सुनने और यह समझने पर जोर देती है कि उनके अधिकार उनके जीवन में हर दिन कैसे मौजूद हैं या नहीं हैं।



राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**हरियाणा** के रहने वाले एक 80 वर्षीय बुज़ुर्ग ने थाइलैंड में **स्काइडाइव** कर सबको हैरान कर दिया। उन्होंने **15,000 फीट** की ऊंचाई से छलाँग लगाई है।



राकेश कुमार

# पद्य पंकज

“

कर्णधार तू बना तो हाथ में लगाम ले।
क्राति को सफल बना नसीब का न नाम ले।
भेद सर उठा रहा, मनुष्य को मिटा रहा
गिर रहा समाज, आज बाजुओं में थाम ले।
त्याग का न दाम ले,
दे बदल नसीब तो गरीब का सलाम ले।

---

**गोपाल सिंह नेपाली**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org




20 नवंबर

# विश्व बाल दिवस

की समस्त बालक-बालिकाओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।




# बबीता फोगाट

20 नवंबर 1989



Madhu priya